


## लॉरेंस गैंग के नाम पर बिल्डर को धमकी

- लॉरेंस बिस्नोई का गुर्गा हैरी बॉक्सर बनकर किया कॉल
- 5 करोड़ की फिरौती मांगी, गोली मारने की दी धमकी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रेसकोर्स रोड स्थित एक बिल्डर के ऑफिस में मंगलवार सुबह धमकी भरे कॉल से हड़कंप मच गया. खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य हैरी बॉक्सर बताने वाले व्यक्ति ने 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी और रकम नहीं देने पर बिल्डर के बेटे को गोली मारने की धमकी दी. मामले की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच जांच में जुट गई है.**



जानकारी के अनुसार बिल्डर विवेक दम्मानी के ऑफिस के लैंडलाइन/ऑफिस नंबर पर सुबह करीब 10.30 बजे व्हाट्सएप कॉल आया था. कॉल ऑफिस की एक महिला स्टाफ ने रिसीव किया. फोन करने वाले ने सीधे तौर पर 5 करोड़ रुपए की मांग करते हुए कहा कि पैसे दे दो, नहीं तो बेटे को कहीं भी गोली मरवा दूंगा. आरोपी ने यह भी कहा कि उसके पास बिल्डर और उनके बेटे की हर गतिविधि और लोकेशन की जानकारी है. साथ ही उसने पुलिस के पास जाने पर भी अंजाम भुगतने की धमकी दी और कहा कि पैसे दिए बिना वह पीछा नहीं छोड़ेगा. शुरुआत में स्टाफ ने इसे मजाक समझा, लेकिन कुछ देर बाद उसी नंबर से आए वॉइस मैसेज में परिवार की लोकेशन से जुड़ी जानकारी मिलने पर मामला गंभीर हो गया, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. क्राइम ब्रांच थाने में कॉल और वॉइस मैसेज की तकनीकी जांच की जा रही है. आरोपी की लोकेशन और पहचान के लिए साइबर टीम की मदद ली जा रही है.

## बढ़ती गर्मी को देखते स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

- दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को लू और गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि तेज गर्मी और लू के कारण पसीना बंद होना, त्वचा का गर्म व सूखी हो जाना, सिरदर्द, चक्कर, उल्टी, थकान और बेहोशी जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं. ऐसे संकेत मिलने पर तुरंत अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी गई है. स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, खाली पेट न रहने और चाय कॉफी व शराब के सेवन से बचने को कहा है. साथ ही हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने और सिर ढककर बाहर निकलने की सलाह दी गई है. बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ने की भी अपील की गई है. जरूरी होने पर ही बाहर निकलें और छाता व धूप के चश्मे का उपयोग करें. डॉक्टर हसानी ने बताया कि ओआरएस, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी और फलों के रस का सेवन शरीर को गर्मी से बचाने में मददगार है.

## फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या

**इंदौर.** खजराना थाना क्षेत्र में एक नाबालिग द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि 17 वर्षीय मृतक की पहचान तोसिफ पिता नवाब निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी के रूप में हुई है. वह मैकेनिक का काम करता था और परिवार की आर्थिक मदद कर रहा था. परिजनों का कहना है कि घटना से पहले उसके व्यवहार में किसी तरह का असामान्य बदलाव नजर नहीं आया. बताया जा रहा है कि तोसिफ ने घर के कमरे में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली. जब परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो तत्काल नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है.

## रिश्तेदार ने की हैवानियत, युवती ने जहर खाकर दी जान

- सुसाइड नोट और वीडियो में बयां किया दर्द

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. रिश्तेदार द्वारा दुष्कर्म से आहत एक युवती ने जहरीली गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस को मौके से सुसाइड नोट और मोबाइल में रिकॉर्ड किया वीडियो मिला है, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है.**

पुलिस जांच में सामने आया कि 2 अप्रैल की शाम युवती का परिवार पास में आयोजित सुंदरकांड कार्यक्रम में गया हुआ था. घर में युवती और एक अन्य महिला मौजूद थीं. इसी दौरान आरोपी महेंद्र पिता इंदरसिंह रिश्ते का फायदा उठाते हुए घर पहुंचा. रात करीब 10.30 बजे आरोपी चुपचाप युवती के कमरे में घुसा और उसे जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया. घटना के बाद युवती गहरे सदमे में चली गई और मानसिक रूप से टूट गई. बताया जा रहा है कि लोकलाज और मानसिक दबाव के चलते युवती ने 8 अप्रैल को घर में रखी जहरीली गोलियां खा लीं. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसी रात उसकी मौत हो गई. मौत से पहले युवती ने मोबाइल पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया और एक सुसाइड नोट भी छोड़ा, जिसमें आरोपी का नाम लिखकर पूरी घटना का जिक्र किया.

## चोरों का आतंक : गोदाम, ट्रक और सूने मकान को बनाया निशाना

- चार वारदातों में जेवर, नकदी व सामान किए पार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की चार वारदातें सामने आई हैं. अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान, गोदाम और खड़े ट्रक को निशाना बनाकर जेवर, नकदी और कीमती सामान पार कर दिया. पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

### कृषि विहार कॉलोनी में की बड़ी चोरी

उधर तिलक नगर थाना क्षेत्र के कृषि विहार कॉलोनी में सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने बड़ी चोरी की. चोर घर से सोने की रिंग, चेन, चांदी की भगवान की मूर्ति, तीन सिक्के, पीतल के बर्तन, वॉटर हीटर, पलंग, डाइनिंग टेबल, कूलर, गैस ग्रिल, एलपीजी सिलेंडर और लोहे का गेट तक ले गए. चारों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. सदर बाजार थाना क्षेत्र के इमलीबाजार स्थित संस्था मेडिकल के सामने रहने वाली 40 वर्षीय जीनत अब्बासी के पर्स से अज्ञात बदमाश सोने की अंगूठी, चेन, कड़े, आधार कार्ड की कॉपी और 2750 रुपए नकद चोरी कर ले गए. वहीं लसूड़िया थाना क्षेत्र के वृंदावन पैलेस एक्सटेंशन में नीरज कुमावत के गोदाम का ताला तोड़कर बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया. गोदाम से दो हैमर मशीन, दो कटर मशीन, लिफ्ट मोटर, लेजर उपकरण और नल फिटिंग का सामान चोरी हो गया. इसी थाना क्षेत्र के न्यू लोहा मंडी, देवास नाका में खड़े ट्रक को भी चोरों ने निशाना बनाया. ट्रक मालिक हरदीप दुहन ने पुलिस को बताया कि ट्रक के केबिन से दो बैटरियां चोरी कर ली गईं. मौके पर केबिन खुला मिला और सामान बिखरा हुआ था.

### सूने मकान का ताला तुड़वाकर घुसे, कब्जे की कोशिश

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक महिला के सूने मकान का ताला तुड़वाकर अंदर घुसने और कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है. पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि सिल्वर पार्क कॉलोनी में रहने वाली 62 वर्षीय फरियादी शीला शर्मा ने बताया कि उनका बेटा वर्ष 2020 से बेंगलुरु में नौकरी कर रहा है और वह स्वयं इंदौर स्थित मकान में अकेली रहती थीं. बहू आरती शर्मा के साथ दहेज प्रताड़ना, भरण पोषण और तलाक से जुड़े मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं. घटना के समय फरियादी अपनी छोटी बेटी दीपिका के पास पुणे गई हुई थीं, उसे हाल ही में प्रसव हुआ था. इसी दौरान 22 मार्च 2026 को सुबह करीब 11.30 बजे बहू आरती शर्मा अपने पिता बादशाह बरुआ और अन्य दो लोगों के साथ सिल्वर पार्क स्थित मकान पर पहुंची और ताला तुड़वाकर अंदर प्रवेश कर गई. शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने मकान पर कब्जा करने की नीयत से यह कदम उठाया. घटना की जानकारी मिलने पर फरियादी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने बादशाह बरुआ सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## नशे के सौदागर पर पुलिस का शिकंजा

- 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. खजराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नशे के सौदागर को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम से अधिक मादक पदार्थ, जिसकी कीमत करीब एक लाख आंकी गई है, बरामद किया है.**

थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया था. इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि स्कीम नंबर 134 स्थित वाघेला गार्डन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति नशे के पदार्थ के साथ मौजूद है. सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़



लिया. तलाशी लेने पर आरोपी के पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में उसकी पहचान अकरम उर्फ अक्की पिता रशीद शाह, उम्र 30 वर्ष, निवासी गोसिया मस्जिद के पीछे, बडला खजराना के रूप में हुई है. आरोपी पांचवीं तक शिक्षित है और टाइल्स लगाने का काम करता है.

**आरोपी के नेटवर्क के बारे में पुलिस कर रही पूछताछ-** पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी है और पैसों के लालच तथा नशे की लत पूरी करने के लिए अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त करता था. वह कम कीमत में नशीली वस्तुएं खरीदकर उसे ऊंचे दामों में बेचता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर यह भी जांच की जा रही है कि वह नशे की वस्तुएं कहां से लाता था और इस नेटवर्क में और कौन कौन लोग शामिल हैं. पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है.

### रेलवे रिजर्वेशन ऑफिस के पास ब्राउन शुगर तस्कर धराया

इंदौर. छोटी ग्वालटोली पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 1 लाख रुपए कीमत की नशीली सामग्री बरामद की गई है. थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि रेलवे रिजर्वेशन ऑफिस के पास आम रोड पर दबिश देकर गंगवाल बस स्टैंड के पीछे झुग्गी बस्ती में रहने वाले 30 वर्षीय राहुल को पकड़ा. तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 11.4 ग्राम ब्राउन शुगर मिली. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह नशा कहां से लाता था और किन लोगों को सप्लाई करता था.


नवसर्जनम्-शुचिता-समावेशत्वम्
IIM SAMBALPUR

# भारतीय प्रबंध संस्थान सम्बलपुर

द्वारा

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

(दूसरा बैच अगस्त/सितंबर 2026 से प्रारंभ होगा)

### डेटा साइन्स एवं एआई में विज्ञान स्नातक(बी.एस.)
**Bachelor of Science (B.S.) in Data Science & AI**



### प्रबंध एवं पब्लिक पॉलिसी में विज्ञान स्नातक (बी.एस.)
**Bachelor of Science (B.S.) in Management & Public Policy**

**परिसर की मुख्य विशेषताएँ :**

- भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर पहला संस्थान है जिसने डीएसएआई ओर एमपीपी में बीएस. पाठ्यक्रम शुरू किया हैं।
- एनआईआरएफ मैनेजमेंट रैंकिंग 2025 में 34वां स्थान।
- हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ तकनीक-सक्षम स्मार्ट कक्षा।
- ओडिशा में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल परिसर सहित डिजिटल बुनियादी ढांचा और वातनुकूलित छात्रावास कक्ष सुविधा।
- आर्टिफिशल इन्टेलिजन्स् (एआई)-सक्षम कक्षा में शिक्षण ।

**☑ आईआईटी जेईई मेन 2026 अंक और निजी साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश।**

**अवधिः** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंडः**

(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा हो, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।

(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में सभी विषयों में न्यूनतम 60% कुल अंक होना आवश्यक है।

(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/ एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा और गणित विषय की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) अभ्यर्थी के पास जेईई(मेन) 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारीः**

अंतिम मेरिट सूची जेईई(मेन) 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँः**

1. पाठ्यक्रम नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों और शैक्षणिक अनुसंधान के अग्रिम क्षेत्रों के अनुरूप है।
2. केस अध्ययन-आधारित शिक्षण, जो वास्तविक उद्योग की समस्याओं और व्यावहारिक सीख के माध्यम से सिद्धांत और अभ्यास के बीच संबंध स्थापित करता है।
3. वास्तविक दुनिया का अनुभव लाइव परियोजना, इंटर्नशिप और उद्योग सहयोग के माध्यम से।
4. अंतिम वर्ष का शोध प्रबंध, जो एआई और डेटा-संचालित दृष्टिकोण का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समाधान करने पर केंद्रित है।
5. उद्योग-केंद्रित मॉड्यूल, जिन्हें अग्रणी तकनीकी कंपनियों और एआई विशेषज्ञों के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया है।
6. एनईपी 2020 के अनुरूप कई निकासी विकल्पः प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
7. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया **www.iimsambalpur.ac.in** को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

**☑ प्रवेश आईपीएमएटी 2026 अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से।**

**अवधिः** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंडः**

(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।

(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में न्यून तम 60% अंक होना आवश्यक है।

(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(घ) अभ्यर्थी के पास आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टिट्युड टेस्ट (आईपीएमएटी) परीक्षा 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारीः**

अंतिम मेरिट सूची आईपीएमएटी 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँः**

1. पाठ्यक्रम में विपणन, अर्थशास्त्र, वित्त, संचालन और विश्लेषण शामिल हैं, साथ ही स्थिरता और नीति में मजबूत आधार प्रदान किया गया है।
2. 170 क्रेडिट का पाठ्यक्रम, जिसमें अंतिम वर्ष में कैपस्टोन परियोजना और शोध कौशल विकास के साथ शोध प्रबंध शामिल है।
3. व्यक्तिगत कौशल विकास, जिसमें कार्यशालाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण सोच, अभिकल्प, सिमुलेशन और निजी ब्रांडिंग पर प्रशिक्षण शामिल है।
4. क्षेत्रीय इमर्शन और कॉर्पोरेट, एनजीओ, सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं और सरकारी संस्थानों के साथ सहभागिता के माध्यम से वास्तविक दुनिया का अनुभव।
5. एनईपी 2020 के अनुरूप कई निकासी विकल्पः प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
6. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया **www.iimsambalpur.ac.in** को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

**अतिरिक्त सूचनाः**

- **आयु सीमा** - प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 31 जुलाई, 2026 तक 20 वर्ष है।
- **ध्यान दें** - अंक, आयु में छूट और आरक्षित वर्ग के लिए सीट आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

**महत्वपूर्ण तिथिः**

- **आवेदन प्रारंभ :** दिनांक 15 अप्रैल, 2026
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** दिनांक 31 मई, 2026
- **व्यक्तिगत साक्षातकार :** दिनांक 10 जून - 30 जून, 2026 (संभावित)
- **परिणामों की घोषणा/ऑफर जारी :** जूलाई, 2026 (संभावित)
- **कार्यक्रम का प्रारंभ :** अगस्त, 2026 (संभावित)

**भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर, बसंतपुर, संबलपुर (ओड़िशा)**

संपर्क संख्या- 9078546024 / 7205726111, ईमेल आईडी- bs.admission@iimsambalpur.ac.in